# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 | अंक-8 | सांगवाड़ा, गुरुवार, 22 सितम्बर, 2022 | भाषा : हिन्दी | ई-पेपर | अवधि: (वार्षिक) | मूल्य-10 रु. | पृष्ठ-1


# कटप्पा को किसने मारा की तरह सागवाडा में चर्चा आम 'कड़ाणा की ज़मीन के पीछे कौन'?

*** कडाणा की जमीन का मामला- नजमा और फातेमा को 2 दिन की पुलिस रिमांड**

*** जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस एक गवाह से भी पूछताछ कर रही है !**

**सागवाड़ा।** डायरेक्टर राजामौली की फ़िल्म बाहुबली का चर्चित डायलॉग्स 'कटप्पा को किसने मारा' की तरह ही इन दिनों सागवाडा में एक चर्चा आम है कि 'कड़ाणा की ज़मीन के पीछे कौन'? इस सौदेबाज़ी का मुख्य किरदार कौन है? निलंबित अधिकारियों का क्या होगा? ऐसे ही कुछ यक्ष प्रश्न साथ घोड़ा शहर की जनता के बीच बने हुए हैं। इस बारे में हर कोई जानना चाहता है कि इस बेशक़ीमती ज़मीन की सौदेबाज़ी में पर्दे के पीछे आख़िर कौन था। इधर, पुलिस ने इस पूरे मामले की मुख्य कड़ी नज़्मा मार फातेमा को गिरफ़्तार पूछताछ शुरू कर दी है।

डूंगरपुर मार्ग पर मुख्य डाकघर के पास कडाणा विभाग की बेशक़ीमती भूमि को कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से हड़पने के मामले में पुलिस ने ज़मीन बेचने वाली नजमा और फातेमा को ACJM कोर्ट सागवाड़ा में पेश किया जहां दो दिन की पुलिस रिमांड मिली है। कडाणा विभाग की सरकारी जमीन का अपने नाम नामांतरण करवा कर बेचान करने की आरोपी मसानिया तालाब, घांचीवाड़ा निवासी नजमा और फातेमा को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। थानाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों से कडाणा विभाग की बेशकीमती भूमि की खरीद-फरोख्त के मामले में गहरी पूछताछ की जाएगी। जिसमें फर्जी आदेश कैसे निकाला इसकी भी जानकारी लेने की कोशिश की जाएगी।



## निलंबित राजस्व विभाग के कर्मचारी का क्या होगा?

इस पूरे प्रकरण में कलेक्टर ने तहसीलदार मयूर शर्मा, गिरदावर मुकेश भोई और गोवाडी के पटवारी को निलंबित कर जाँच बैठायी थी। डूंगरपुर जिला परिषद के सी ई ओ दीपेंद्र सिंह राठौड़ इस पूरे मामले की जाँच कर रहे हैं। इधर यह चर्चा आम है कि इन तीन निलंबित कर्मचारियों का क्या होगा? क्या इस पूरे प्रकरण में इनकी भूमि का संदिग्ध है या फिर इन्होनें तो सिर्फ़ उच्चाधिकारियों के निर्देशों की पालना की है । हरवासियों को इन अधिकारियों के ख़िलाफ़ की जा रही जाँच मैं क्या निकलता है इसका भी इंतज़ार है।

## हरि सिंह और एक गवाह अब भी फ़रार

कडाणा के इस प्रकरण की अहम कड़ी ज़मीन ख़रीदने वाला हरिसिंह है जो अब भी फ़रार है इसके साथ ही बांसवाड़ा जिले का एक गवाह भी है जिसकी पुलिस छानबीन कर रही है। हालाँकि जानकारी ये भी मिली है कि एक गवाह से पुलिस पूछताछ कर रही है हालाँकि अभी इसकी पुष्टि नहीं की जीत की जा रही है लेकिन एक दो दिन में इसकी ख़ुलासा हो सकता है।

## पुलिस उगलवा पाएगी राज ?

ज़मीन बेचने वाली नजमा और फातेमा लंबे समय से फ़रार चल रही थी जो मंगलवार को पुलिस के हाथ लगी। अब इस पूरे मामले में बड़ा सवाल यह है कि क्या पुलिस इनसे सच्चाई उगलवा पाएगी ?

जो यक्ष प्रश्न शहर की जनता के सामने हैं कि इस ज़मीन ख़रीद फ़रोख़्त के मामले में पर्दे के पीछे कौन है? क्या यह राज पुलिस उगलवा सकेगी।

# सोनिया-गहलोत के बीच बातचीत-CM की कुर्सी छोड़ने पर गहलोत बोले- समय बताएगा

**दिग्विजय ने कहा- कांग्रेस अध्यक्ष बने तो छोड़ना पड़ेगा पद**

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की बुधवार शाम दो घंटे बातचीत की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनिया ने इतना ही कहा कि पार्टी अध्यक्ष पद के लिए इस चुनाव में वे किसी का फेवर नहीं करेंगीं। दिल्ली पहुंचने पर गहलोत ने भले ही कांग्रेस अध्यक्ष के साथ सीएम बने रहने का संकेत दिया हो, लेकिन कांग्रेस नेता और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा है कि यदि वे अध्यक्ष बनते हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना होगा। एनडीटीवी से बातचीत में दिग्विजय सिंह ने कहा कि उदयपुर अधिवेशन में यह प्रस्ताव पास हुआ था कि एक व्यक्ति सिर्फ एक पद पर रहेगा। दिग्विजय खुद भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले सुबह दिल्ली पहुंचने पर गहलोत ने कहा था कि अगर पार्टी के लोग मुझे चाहते हैं, उन्हें लगता है कि अध्यक्ष पद या सीएम पद पर मेरी जरूरत है तो मैं मना नहीं कर सकता। हमारे लिए पद कोई मायने



नहीं रखता। एक पद, एक व्यक्ति का नियम केवल नॉमिनेटेड पोस्ट के लिए है। चुनाव लड़कर कोई भी दो पोस्ट पर रह सकता है।

गहलोत ने कहा, समय बताएगा कि मैं कहा रहूंगा, कहां नहीं रहूंगा। एक पद, एक व्यक्ति फॉर्मूले पर उन्होंने कहा कि मेरी इच्छा तो ये है कि मैं किसी पद पर न रहूं, क्योंकि मैं बहुत पद पर रह चुका हूं। मेरी उपस्थिति से पार्टी को फायदा होना चाहिए, कांग्रेस मजबूत होनी चाहिए, मैं यह चाहता हूं। पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है।

## स्कूल से नाबालिग का अपहरण कर किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**सीमलवाड़ा** । एक नाबालिग छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। धंबोला सीआई हजारी लाल मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक नाबालिग पुत्री के पिता ने पोस्को एक्ट में मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि प्रार्थी की पुत्री जोकि क्षेत्र की एक सरकारी स्कूल में बारहवीं में पढ़ रही है जोकि नाबालिग है। 3 सितंबर को स्कूल में मध्यान्ह के समय कंकोड़ी, वक्तापुर निवासी लालसिंह पुत्र खातू डामोर बाइक लेकर स्कूल गया और नाबालिग पुत्री को घर पर आवश्यक कार्य होने के हवाला देकर साथ ले गया, कुछ दूर एकांत में ले जाकर डरा धमका कर उसके साथ जबरदस्ती की ओर किसी को नहीं बताने एवं जान से मारने की धमकी दी। फिर पीड़िता को छुट्टी के समय स्कूल छोड़ गया। पीड़िता छात्रा ने घर जाकर अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। सीआई हजारीलाल मीणा ने बताया कि पोस्को एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विद्या निकेतन में बेग निरीक्षण प्रतियोगिता

**सागवाड़ा।** विद्यानिकेतन मधुकर परिसर में विद्यार्थी बेग निरीक्षण प्रतियोगिता का आयोजन परिसर प्रभारी नागेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को हुआ।

कन्या भारती, बाल भारती, कक्षा नायक ने अलका सोमपुरा, विजयलक्ष्मी भाटिया, ममता पाटीदार, हर्षद पण्ड्या, बालकृष्ण देसाई ने बेग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों के बैग की स्वच्छता, जमावट, कवर पूर्ति, गृहकार्य, कक्षाकार्य, कॉपी जांच, देननन्दीनी पूर्ति, हस्ताक्षर पूर्ती व कक्षा साज सज्जा की जांच कर आवश्यक सुधार करवाया।

## नंदौड स्कूल में छात्र संसद का गठन

**सागवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नन्दौड़ छात्र संसद का गठन प्रधानाचार्य नानुलाल बुनकर के मार्गदर्शन में बुधवार को हुआ। छात्र संसद सलाहकार शिवराम मोची एवं रमेश पाटीदार के नेतृत्व में अध्यक्ष सुरेश डेण्डोर, उपाध्यक्ष मोहित पाटीदार, विरोधी दल नेता गायत्री रोत, नेहा तेली, अनुशासन मंत्री लोकेश, सह अनुशासन मंत्री ऋदम तेली, सास्कृतिक मंत्री क्रियांशी लुहार, पर्यावरण मंत्री ईशा भाटिया, क्रीड़ा मंत्री नवीन पाटीदार, पुस्तकालय मंत्री सुजल पाटीदार, स्वास्थ्य मंत्री दीपक सिंह राव, वित्त मंत्री मुस्कान पाटीदार व हिनल गोस्वामी, सूचना प्रसारण मंत्री पुष्पराज सिंह राठौड़, प्रार्थना सभा प्रभारी महक दर्जी, सह पर्यावरण मंत्री निशा डेण्डोर, सह क्रीड़ा मंत्री चिराग रोत तथा सह वित्त मंत्री दीक्षित प्रजापत को मनोनीत किया। गुरुकृपा सेवा संस्थान सागवाड़ा की और से संचालित पब्लिक उच्च प्राथमिक विद्यालय गामोठवाड़ा में प्रधानाध्यापक दीपक उपाध्याय की अध्यक्षता में छात्र सांसद के चुनाव हुए। चुनाव प्रभारी मीना जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मनोज कीर, उपप्रधानमंत्री चिराग निनोमा, सास्कृतिक मंत्री निमिषा सोवारा व लक्षिता सोवारा, संगठन मंत्री नीरज सोवारा, पार्थ सोवारा, क्रीड़ा मंत्री उत्कर्ष व्यास, राजवीर बॉसड, स्वास्थ्य मंत्री वंशिका व्यास, पीयूष सोलंकी को मनोनीत किया।

# सर्व श्रेष्ठ विद्यालय पर सिलोही में शिक्षकों का हुआ सम्मान

**सागवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिलोही के ब्लॉक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ विद्यालय घोषित होने पर बुधवार को ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में पंचायत समिति गलियाकोट व ग्राम पंचायत सिलोही द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर समस्त विद्यालय स्टाफ का सम्मान किया गया। युवा समिति अध्यक्ष देविलाल पाटीदार ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गलियाकोट प्रधान जयप्रकाशजी पारगी थे।

अध्यक्षता वेलचन्द पाटीदार ने की व विशिष्ट अतिथि सीबीईओ साहब हेमन्त भट्ट, पंचायत समिति सदस्य मीनाक्षी रोत, उपसरपंच रमणलाल पाटीदार, पीटीए अध्यक्ष दलजीराम, प्रधानाचार्य हरीश पाटीदार, कुबेर दादा, वार्डपंच भोगजी दादा थे।

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता प्रियेश पाटीदार व राहुल सेवक का भी सामाजिक कार्यों एवं विद्यालय विकास में सहयोग के लिए सम्मान किया गया। समारोह में



कोदरलाल पाटीदार, हरिविट्ठल पाटीदार, गौरीशंकर पाटीदार, कचरूलाल पाटीदार, मुकेश पण्ड्या, वार्ड पंच ईश्वरलाल पाटीदार, रामशंकर पाटीदार, मोहनलाल पाटीदार, गजानन्द पाटीदार, गौतम दादा, रमणलाल पाटीदार, वार्ड पंच राहुल सेवक, प्रियेश पाटीदार आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश पाटीदार ने किया व आभार एसएमसी अध्यक्ष हरिविट्ठलजी पाटीदार ने जताया।

# रामद्वारा में अखण्ड रामधुन 26 से

**सागवाड़ा।** सागवाडा। श्री कान्हडदास धाम बडा रामद्वारा में 26 सितम्बर से अखंड राम धुन प्रारंभ होगी।शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 सितंबर सुबह 10 बजे रामद्वारा में चतुर्मासरत शाहपुरा धाम के संत केवलराम महाराज के सानिध्य में राम धुन की शुरुआत होगी। रामधन का समापन 5 अक्टूबर सुबह 5 बजे होगा। रामद्वारा सेवा समिति के अध्यक्ष सुधीर वाड़ेल ने एक घंटा रामधुन के लिए अपनी सुविधानुसार अपना नाम व मोबाईल नम्बर दर्ज कराने का आह्वान किया।

## पाटीदार पेंशनर समाज का अधिवेशन आज

**सागवाड़ा।** पाटीदार पेंशनर समाज डूंगरपुर का अधिवेशन पंचवटी स्थित विद्यानगर संस्थान में गुरुवार सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

पाटीदार पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष गोविंद राम पाटीदार ने बताया कि अष्टम वार्षिक अधिवेशन में समस्त पेंशनरों कक भाग लेने का आह्वान किया। अधिवेशन में 75 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों का सम्मान, सत्र 2022 में सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा।

अधिवेशन में नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिकता पर वक्ता मार्गदर्शन देंगे।

# लापता किसान का नदी में तैरता हुआ मिला शव, मंदिर जाने के लिए निकला था किसान

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में लापता किसान का शव नदी में तैरता हुआ मिलने पर सनसनी फ़ैल गई। किसान 2 दिन पहले भुट्टे की फसल का मंदिर में भोग चढाने के लिए घर से निकला था और वापस नहीं लौटा था। इधर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के सदर थाने के थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया की सुन्दरपुर गाँव निवासी 60 वर्षीय किसान सत्तुराम डामोर सोमवार को भुट्टो की फसल पकने के बाद भगवान को भोग चढाने के लिए गाँव के मंदिर जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन सत्तुराम शाम तक वापस अपने घर नहीं लौटा। जिस पर परिजनों ने उसकी काफी तलाश भी की लेकिन उसका कही भी कोई सुराग नहीं लगा। इधर आज सुबह सुंदरपुर की सापन नदी में गाँव के बच्चे नहा रहे थे। नहाते समय बच्चों को पानी में एक शव तैरता दिखाई दिया जिस पर बच्चो ने सरपंच पति शंकरलाल को नदी में शव होने की सूचना दी। सुचना पर शंकरलाल व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वही सरपंच पति की सुचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से निकलवाया। शव की पहचान लापता सत्तूराम के रूप में की गई। उसके बाद पुलिस ने सत्तूराम के परिजनों को सूचना दी वहीं शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचाया। इधर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गौसेवा में जुटे भीलूड़ा के युवा

**भीलूड़ा।** गोरक्षक दल भीलूड़ा की युवा टीम संरक्षक सौम्य पंड्या के नेतृत्व में लम्पी वायरस से प्रभावित गोवंश के लिए गौरक्षक दल ने सराहनीय कार्य कर रहा है। लंपी वायरस से ग्रसित 20 से 25 गाय कक आयुर्वेदिक उपचार लड्डू तथा वेक्सिन दिया गया। वैक्सीन देने में पशु औषधालय के चिकित्सक ने पूर्ण सहयोग दिया। युवाओं ने मिलकर समय-समय पर तन मन के साथ धन की जरूरत पड़ने पर सहयोग दिया। युवाओं की सेवा के चलते 10-12 गाये ठीक हो गई हैं। गायों की सेवा में टेमील जोशी, मेहुल, अश्विन गर्ग, हेमन्त सुथार, नीरव पंचाल, समर्थ, लक्की शर्मा, प्रतुष सेवक ने सराहनिय कार्य किया। लंपी वायरस से ग्रसित गायों को फलातेड मार्ग पर स्थित पुराने बालिका छात्रावास में रखा गया है। संसद कनकमल कटारा एवं जिला परिषद सदस्य हरीश अहारी सहित ग्रामवासी युवा गोमाता के लिए चारा



पानी की व्यवस्था भी कर रहे हैं।

गांव की महिलाएं गायों के लिए समय समय पर आयर्वेदिक लड्डू तैयार कर युवाओं तक पहुंचा रही हैं।

# डाक विभाग का 3 दिवसीय डाक बचत मेले का आगाज, सांसद कटारा ने किया शुभारम्भ

**डूंगरपुर।** नगर परिषद परिसर में डाक विभाग की ओर से 3 दिवसीय डाक बचत मेले का आज से शुभारंभ हुआ। लोकसभा सांसद कनकमल कटारा ओर सभापति अमृत कलासुआ ने बचत मेले का शुभारंभ किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में सुकन्या समृधि खाता, बचत खाता, -5 वर्ष के बच्चों का आधार अपडेशन की सुविधा सहित अन्य लाभ इस मेले के द्वारा लोगो को दिए जाएंगे।

डूंगरपुर डाक विभाग की ओर से डूंगरपुर नगरपरिषद परिसर में तीन दिवसीय डाक बचत मेले का शुभारम्भ हुआ। बांसवाडा-डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा, नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ और डूंगरपुर डाकघर अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने मेले का शुभारम्भ किया। इस मौके पर आयोजित समारोह को डाकघर अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने संबोधित किया।

अपने संबोधन में अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने बताया की मेले में शहरवासी सुकन्या समृद्धि खाते व बचत योजना के खाते खुलवा सकते है। वही इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक मे डिजिटल खाता खोलने की सुविधा सहित व 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार अपडेशन की सुविधा भी मेले में मिलेगी।

उन्होंने बताया की मेले का उद्देश्य जन सामान्य को वित्तीय समावेशन से परिचित कराना है । इधर मेले के उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि केंद्र सरकार ने पोस्ट आफिस के माध्यम से विभिन्न बचत योजनाए चला रखी है ।

जिनका प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगो को इन योजनाओं से जोड़ना चाहिए। सभापति अमृत कलासुआ ने बेटियों के लिए मेले में खुलने वाले सुकन्या समृद्धि खातों का प्रारंभिक खर्च खुद वहन करने की घोषणा की। शिविर के अंत मे अतिथियों ने प्रशासन शहरो के संग अभियान के लाभार्थियों को पट्टे बांटे वही जरूरतमंद लोगों को चप्पलें भी वितरित की।

# मुख्यमंत्री के साथ-साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे अशोक गहलोत : खाचरियावास

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नामांकन भरने की चर्चाओं के बीच पक्ष-विपक्ष में चर्चा का दौर शुरू हो गया है। मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सीएम बने रहने की बात कही है। अभी तक की बैठक में यही तय हुआ है कि वही मुख्यमंत्री रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हालांकि अभी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ है इसको लेकर चुनाव होने के बाद बात होगी। उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि अब ये यहां से



जाने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सीएम पद पर बने रहने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस का पंडित नहीं हूं लेकिन इतना कह सकता हूं कि पहले यह सरकार बचाने के लिए लगे रहे। अब दोनों पद एक साथ नहीं संभाल पाएंगे। आज दिन तक कभी ऐसा हुआ भी नहीं कि जो व्यक्ति किसी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष हो और वह मुख्यमंत्री भी हो। उन्होंने कहा कि फ्री बजट की बातें कपोल कल्पित है। उन्होंने जो घोषणा की कि वह एक भी धरातल पर नहीं आई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा पर उप मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी ने कहा कि कल विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि अगर नामांकन भरने की आवश्यकता पड़ी तो मैं आपको मैसेज कर दूंगा। सभी को दिल्ली चलना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मुख्यमंत्री के पद पर भी बने रहेंगे।